C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:00 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 297 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 26 मई 2026

सामंथा रुथ प्रभु की `मां इंटी...पेज-3 पर

## मैदान में 41 डिग्री पारा पहुंचने व पहाड़ों में बारिश के आसार

देहरादून

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में बीते कुछ दिनों से गर्मी अपने खूब तेवर दिखा रही है। चटक धूप और चुभती-जलती गर्मी जमकर झुलसा रही है। आलम यह रहा कि बीते रविवार के बाद सोमवार को भी दून का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार बना रहा, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और गर्म हवाओं का सामना करना पड़ा। दिन के साथ-साथ शाम के समय भी लू जैसे हालात बने रहे।



आंकड़ों पर नजर डालें तो रविवार को दून का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। सोमवार को यह आंकड़ा इतना ही रहा जिससे दिनभर लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही चटक धूप और तेज गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। हालात ऐसे रहे कि दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी का असर सिर्फ दिन तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि शाम के समय भी लू जैसी गर्म हवाएं चलती रहीं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिलने की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। मंगलवार को तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान जताया गया है। ऐसे में लू के प्रकोप से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक बाहर न निकलने, पर्याप्त पानी पीने और हल्के कपड़े पहनने की सलाह दी है। वहीं, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है।

प्रदेश के पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में बिजली चमकने के साथ हल्की बारिश का अनुमान लगाया गया है। उधर मैदानी इलाकों से सटे पहाड़ी क्षेत्रों में गर्म हवाएं परेशान कर सकती हैं। आने वाले दिनों की बात करें तो 31 मई तक प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है। जबकि मैदानी इलाकों में अगले तीन-चार दिन तक राहत के कोई आसार नहीं है।

माइन बिछा रही नौकाएं और मिसाइल लॉन्च साइट बने निशाना

## सीजफायर के बीच ईरान पर अमेरिका का हवाई हमला

नई दिल्ली

एजेंसी

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। दक्षिणी ईरान और होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिका ने सेल्फ डिफेंस स्ट्राइक करते हुए ईरानी मिसाइल लॉन्च साइटों और माइन बिछाने की कोशिश कर रही नौकाओं को निशाना बनाया।



अमेरिकी सेना ने कहा कि यह कार्रवाई अपने सैनिकों और युद्धपोतों की सुरक्षा के लिए की गई। खास बात यह है कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब दोनों देशों के बीच युद्धविराम और परमाणु समझौते को लेकर बातचीत जारी है। इस घटनाक्रम ने पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ा दिया है।

पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव के बीच दक्षिणी ईरान के प्रमुख बंदरगाह शहर बंदर अब्बास और उसके आस-पास का इलाका तीन जोरदार धमाकों की आवाज से दहल उठा है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक ये धमाके इतने तेज थे कि इनकी गूंज काफी दूर तक सुनी गई, हालांकि अभी यह पूरी तरह साफ नहीं हो पाया है कि यह धमाके शहर के भीतर हुए हैं या पास के समंदर में। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दावा किया है कि उसकी सेना ने दक्षिणी ईरान में उन नावों और मिसाइल लॉन्चर्स को निशाना बनाया है, जो दुनिया के सबसे संवेदनशील तेल सप्लाई रूट स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में समुद्री सुरंगें बिछाने की कोशिश कर रही थीं।

इस बड़े सैन्य एक्शन के बाद तेहरान में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा हुआ है और ईरान सरकार की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। ईरानी अधिकारियों ने अमेरिकी हमले की इन खबरों को न तो खारिज किया है और न ही इसकी पुष्टि की है, जिससे सस्पेंस और ज्यादा गहरा गया है। इस रहस्यमयी चुप्पी के बीच पूरी दुनिया की नजरें अब ईरान के अगले कदम पर टिकी हैं, क्योंकि विशेषज्ञों का मानना है कि अगर ईरान ने इस हमले का पलटवार किया, तो पिछले महीने से दोनों देशों के बीच बना बेहद नाजुक युद्धविराम पूरी तरह टूट जाएगा और यह क्षेत्र एक बार फिर भीषण युद्ध की आग में झुलस सकता है।

## दिल्ली में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक

नई दिल्ली

एजेंसी

दिल्ली की इस बैठक ने साफ कर दिया है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र का बॉस कौन है। भारत की अगुवाई में क्वाड अब सिर्फ बातों की नहीं, बल्कि सीधे काम की बात कर रहा है। लब्बोलुआब यह है कि समंदर में अपनी मनमानी चलाने की कोशिश करने वालों के सामने इन चार देशों ने दोस्ती की ऐसी तगड़ी दीवार खड़ी कर दी है, जिसे हिला पाना नामुमकिन है।

देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में वैश्विक कूटनीति की एक नई और मजबूत तस्वीर सामने आई है। इस उच्च स्तरीय मंच पर भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा, संप्रभुता और आर्थिक समृद्धि को लेकर बेहद महत्वपूर्ण और ठोस बयान दिए हैं। भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने बैठक की शुरुआत में साफ किया कि इस बार हमारा पूरा ध्यान सामूहिक गतिविधियों को तय करने और दुनिया के सामने मौजूद चुनौतियों का समाधान ढूंढने पर है। उन्होंने कहा कि क्वाड का प्राथमिक कार्यक्षेत्र हिंद-प्रशांत ही रहेगा। जयशंकर ने वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती, कनेक्टिविटी के रास्ते में आने वाली रुकावटों, मैन्युफैक्चरिंग और संसाधनों के एक ही जगह सीमित होने जैसी बड़ी दिक्कतों पर चिंता जताई। विदेश मंत्री ने कहा कि क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के गैप को भरने के लिए नई साझेदारियों और मजबूत आर्थिक विकास की जरूरत है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक भरोसा बढ़ाने, समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने और आर्थिक विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए एक पारदर्शी और भरोसेमंद पार्टनरशिप बेहद जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि क्वाड के सदस्य देश एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।



## News कॉर्नर

### तेज रफ्तार स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलटी, सात लोगों की मौत

**उन्नाव।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर उन्नाव के पास दिल्ली से गोरखपुर जा रही तेज रफ्तार स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे एक दरोगा समेत सात यात्रियों की मौत हो गई और 24 घायल हो गए। चालक को झपकी आने और बस की अत्यधिक रफ्तार को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। उन्नाव जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह करीब पांच बजे एक दर्दनाक हादसा हुआ। दिल्ली से गोरखपुर जा रही एक प्राइवेट स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पलटने के बाद बस लगभग 100 मीटर तक सड़क पर घिसटती चली गई। इस हादसे में एक दरोगा समेत सात यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन पुलिसकर्मियों सहित 24 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। स्लीपर बस में कुल 52 यात्री सवार थे। तेज रफ्तार होने के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और बस पुलिया से टकराने के बाद पलट गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। करीब आधे घंटे बाद यूपीडा कर्मी और पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**नानकमत्ता।** शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपी ने किसी को बताने पर नाबालिग को जान से मारने की धमकी दी। नाबालिग ने दुष्कर्म की जानकारी मां को दी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला ने तहरीर में बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री को ग्राम बरकीडाड़ी निवासी राजवीर सिंह ने शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया। यह बात किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

## बाखली' ग्राम दुकान बनी आत्मनिर्भरता की नई पहचान

हल्द्वानी /भीमताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों की एक सशक्त मिसाल 19 मई 2026 को विकासखंड भीमताल में बाखली नामक ग्राम दुकान के शुभारंभ के रूप में सामने आई। नाबार्ड के सहयोग से स्थापित यह ग्राम दुकान दक्ष स्वयं सहायता समूह को प्रदान की गई है, जिसका क्रियान्वयन मेनवस संस्था द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया, जिसमें क्षेत्र की लगभग 50 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बाखली ग्राम दुकान में स्थानीय स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को प्रदर्शित और विक्रय हेतु रखा गया है। इनमें ऐपण कला आधारित उत्पाद, रिंगाल शिल्प, जूट उत्पाद, अचार, शहद, मोटे अनाज (मिलेट्स), दालें, सिलबट्टे का पिसा नमक एवं अन्य पारंपरिक खाद्य सामग्री शामिल हैं। यह सभी उत्पाद स्थानीय समूहों से क्रय कर बाजार तक पहुंचाए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं को सीधे आय का स्रोत मिल रहा है। नाबार्ड द्वारा इस परियोजना को दो वर्षों तक अनुदान सहायता प्रदान की जा रही है।

## ओडिशा: भाजपा में नई सियासी एंट्री, बंगाल में भी हलचल

नई दिल्ली

एजेंसी

भाजपा में नई सियासी हस्ती के आगमन की खबरों से पश्चिम बंगाल से लेकर ओडिशा तक हलचल है। भाजपा प्रवक्ता और सांसद अनिल बलूनी के बयान के बाद आज देबाशीष सामंतराय ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।

ओडिशा के पूर्व राज्यसभा सांसद देबाशीष सामंतराय ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बीजू जनता दल (बीजद) छोड़कर भाजपा के साथ नई राजनीतिक पारी शुरू करने का फैसला लेने वाले देबाशीष पर बीजद ने स्वार्थ के कारण पार्टी छोड़ने का आरोप लगाया है। इससे पहले बंगाल में चुनाव नतीजों की घोषणा के करीब तीन हफ्ते बाद मंगलवार को भाजपा प्रवक्ता सह उत्तराखंड से निर्वाचित लोकसभा सांसद अनिल बलूनी ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि 11 बजे दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में एक प्रख्यात हस्ती को पार्टी की सदस्यता दिलाई जाएगी। उनके इस एक्स पोस्ट के बाद भाजपा में नई सियासी हस्ती के आगमन को लेकर कयासबाजी शुरू हो गई है। बंगाल से ओडिशा तक राजनीतिक हलचल देखी जा रही है। दरअसल, भाजपा प्रवक्ता और सांसद अनिल बलूनी ने कहा है कि आज पार्टी मुख्यालय में एक मशहूर शख्स को सदस्यता दिलाई जाएगी। उन्होंने नाम का खुलासा नहीं किया है। ओडिशा में देबाशीष सामंतराय के रूख और बंगाल में सीएम ममता बनर्जी के करीबी रहे कल्याण बनर्जी के बयानों को देखते हुए दोनों राज्यों में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है।




**सदस्यता**

- बीजद छोड़ भाजपा सदस्य बने ओडिशा के पूर्व सांसद देबाशीष सामंतराय

# बकरा ईद को लेकर कोतवाली में हुई बैठक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



आगामी ईद पर्व को लेकर प्रशासन, पुलिस और अमन कमेटी की बैठक में डीएसए मैदान में नमाज और स्लाटर हाउस संचालन को लेकर बैठक आयोजित कि गई। इस दौरान बैठक में स्पष्ट किया गया कि डीएसए मैदान में नमाज केवल सक्षम अधिकारी की अनुमति मिलने के बाद ही अदा की जा सकेगी। साथ ही सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी और यातायात व्यवस्था प्रभावित नहीं होने दी जाएगी।

इस दौरान एसपी क्राइम डॉ. जगदीश चंद्र ने कहा कि कुर्बानी केवल अधिकृत स्लाटर हाउस में ही की जाएगी और खुले स्थानों पर इसकी अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि तल्लीताल स्थित स्लाटर हाउस वर्तमान में बंद है। ऐसे में उसे खोलने के लिए अमन कमेटी को न्यायालय अथवा सक्षम अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। अनुमति नहीं मिलने की स्थिति में शहर से बाहर स्थित स्लाटर हाउस में ही कुर्बानी करनी होगी। बैठक में अमन कमेटी के सदस्यों ने 28 मई को ईद के दिन जल संस्थान से पर्याप्त पानी की व्यवस्था बनाए रखने की मांग भी उठाई। प्रशासन की ओर से सभी लोगों से आपसी सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की गई।

इस दौरान बैठक में एसडीएम नवाजिश खलिक, सीओ अंजना नेगी, व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन नेगी, महामंत्री त्रिभुवन सिंह फर्त्याल, अमरप्रीत सिंह, हारून खान, मो. फारुख समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## ईद की नमाज के लिए डीएसए मैदान में मिली अनुमति

**नैनीताल।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज के आयोजन के लिए डीएसए मैदान में अनुमति दे दी गई है। द नैनीताल जिमखाना एवं डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन (डीएसए) की ओर से जारी पत्र में अंजुमन इस्लामिया, नैनीताल को 28 मई 2026 को मैदान आवंटित किए जाने की जानकारी दी गई है। डीएसए के अवैतनिक महासचिव मनोज जोशी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, अंजुमन इस्लामिया के पत्र संख्या 157/25-26 दिनांक 19 मई 2026 के संदर्भ में यह अनुमति प्रदान की गई है। पत्र में आयोजकों से निर्धारित समय एवं व्यवस्थाओं के अनुसार मैदान का उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया है। अनुमति मिलने पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा डीएसए महासचिव मनोज जोशी मुस्लिम समाज ने आभार व्यक्त किया है



# पालिकाध्यक्ष व ईओ ने टीम के साथ पंत पार्क क्षेत्र का निरीक्षण किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगरपालिका परिषद नैनीताल की पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल व ईओ रोहिताश शर्मा ने टीम के साथ पंत पार्क क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान फड़ कारोबारियों की ओर से पार्क के पेड़ों और रेलिंग में अवैध रूप से रस्सियों के सहारे तिरपाल बांधी गई थी जिसे मौके पर ही हटवाया गया, कारोबारियों को आगे से ऐसा न करने की हिदायत दी। साथ ही पार्क की सफाई भी करवाई गई। इसके अलावा पालिका की टीम ने मॉल रोड में अवैध रूप से पार्क की गई कुल 24 साइकिल भी जब्त की गई। इस दौरान कर निरीक्षक भारत प्रकाश, हिमांशु चंद्रा, दिवाकर, कपिल, विक्की ललित दीपक आदि मौजूद रहे।

# सीएम को भेजा खुले स्थानों में होने वाली कुर्बानी और प्रदूषण को लेकर ज्ञापन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

आगामी बकरा ईद के अवसर पर खुले स्थानों में होने वाली कुर्बानी और उससे फैलने वाले प्रदूषण को लेकर नैनीताल भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि ज्ञापन में नैनीताल झील की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नगर की धार्मिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए खुले स्थानों एवं नालों के समीप कुर्बानी पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई गई है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की द्वारा भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तराखंड उच्च न्यायालय की ओर से पूर्व में नयना देवी मंदिर क्षेत्र एवं नगर की संवेदनशील परिस्थितियों को देखते हुए पशुबलि संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। वहीं नंदा देवी महोत्सव के दौरान प्रशासन सार्वजनिक स्थानों पर बलि प्रतिबंधित कर केवल निर्धारित वधशाला में ही इसकी अनुमति सुनिश्चित करता है। विगत वर्षों में बकरा ईद के दौरान कई स्थानों पर खुले में कुर्बानी किए जाने से रक्त और अन्य अवशेष नालों के माध्यम से नैनीताल झील तक पहुंचते रहे हैं, जिससे झील का जल प्रदूषित होता है और जनस्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

उन्होंने कहा कि यदि एक धार्मिक आयोजन के दौरान प्रशासन प्रतिबंध लागू कर सकता है तो समान रूप से अन्य अवसरों पर भी वही नियम लागू किए जाने चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई है कि खुले स्थानों, सार्वजनिक मार्गों और नालों के समीप कुर्बानी पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा यह प्रक्रिया केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित वैध वधशालाओं में ही कराई जाए।

इसके अलावा नगर में बड़े सूचना बोर्ड लगाने, झील एवं नालों को प्रदूषित करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने तथा नगर पालिका, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त निगरानी टीम गठित करने की मांग भी उठाई गई है।

## NEWS / फटाफट

### पर्यटन सीजन में यातायात व्यवस्था लगातार चुनौती बनी

**नैनीताल।** नैनीताल पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था लगातार चुनौती बनी हुई है। सोमवार को भी नगर की सड़कों पर वाहनों का भारी दबाव देखने को मिला। मॉलरोड समेत प्रमुख मार्गों पर लंबी वाहनों की कतारें लगी रहीं, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ा। पर्यटन सीजन शुरू होते ही नगर की यातायात व्यवस्था पटरी से उतरती नजर आ रही है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से किए गए दावों के बावजूद स्थिति में खास सुधार नहीं हो पा रहा है। सुबह से ही नगर में वाहन रेंगते नजर आए, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यातायात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने नगर के बाहरी क्षेत्रों में वाहनों को रोक-रोककर नैनीताल की ओर भेजा, लेकिन इसके बावजूद जाम की स्थिति बनी रही। मॉलरोड पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और पर्यटकों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान एसपी डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि सोमवार को नगर से बाहर जाने वाले वाहनों की संख्या काफी अधिक रही, जिससे यातायात का दबाव बढ़ गया। उन्होंने कहा कि व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अस्थाई पार्किंग स्थलों से शटल सेवा संचालित कर पर्यटकों को नगर भेजा गया।

### नशे में युवक ने काटा हंगामा, अफरा-तफरी

**नैनीताल।** नगर के पॉपुलर कंपाउंड क्षेत्र में देर रात शराब के नशे में एक युवक द्वारा हंगामा किए जाने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस युवक को पकड़कर कोतवाली ले आई, जहां उसके खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खन्स्यु निवासी युवक अपने चाचा के घर पॉपुलर कंपाउंड क्षेत्र आया हुआ था। इसी दौरान पड़ोस में चल रहे विवाद को शांत कराने के लिए वह बीच-बचाव करने पहुंचा। लेकिन कहासुनी के दौरान युवक खुद ही बेकाबू हो गया और शराब के नशे में क्षेत्र में हंगामा करने लगा। युवक के हंगामे से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय निवासी नदीम ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। एसआई मो. यूनुस ने बताया कि खन्स्यु निवासी उमेश चंद्र बर्गली के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### तेज रफ्तार से ड्राइविंग करना युवक को महंगा पड़ा

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल मे पर्यटन सीजन के दौरान नगर में बढ़ती भीड़ के बीच तेज रफ्तार और रेस ड्राइविंग करना एक युवक को महंगा पड़ गया। मल्लीताल क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही के बीच युवक बाइक को तेज गति से दौड़ाकर लोगों की जान जोखिम में डाल रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाइक को सीज कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मॉलरोड क्षेत्र में युवक बाइक को तेज रफ्तार और लापरवाही से चला रहा था। उस समय सड़क पर बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग मौजूद थे, जिससे हादसे की आशंका बनी हुई थी। पुलिस ने युवक को रोककर वाहन के दस्तावेज और ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की। जांच के दौरान युवक के पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस मिला और न ही बाइक के आवश्यक कागजात। इसके बाद पुलिस ने बाइक की चाबी अपने कब्जे में ले ली। एसआई मो. यूनुस ने बताया कि रेस ड्राइविंग और यातायात नियमों के उल्लंघन पर तल्लीताल धोबीघाट निवासी अमित सिंह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बाइक सीज कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन में लापरवाही से वाहन चलाकर पर्यटकों और स्थानीय लोगों की जान खतरे में डालने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### खुले में पशुबलि और अवशेष फेंकने पर सख्त कार्रवाई

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर में पहली बार कुर्बानी की पूरी प्रक्रिया विशेष समिति की निगरानी और वीडियोग्राफी के दायरे में रहेगी। मेयर विकास शर्मा के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन ने सख्त एक्शन प्लान लागू किया है। सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी, नालियों में खून बहाने और पशुओं के अवशेष खुले में फेंकने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बीते दिवस विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों ने मेयर विकास शर्मा से मुलाकात कर बकरीद के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर पशुबलि, स ?कों व नालियों में खून बहने तथा पशुओं के अवशेष खुले में फेंके जाने की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की थी। संगठनों ने कहा था कि ऐसे कृत्यों से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# आजीवन सजा काट चुके कैदियों को रिहा न करने के मामले में सुनवाई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

**आदेश**

- संगीन अपराध में लिप्त अपराधियों को छोड़ने के लिए राज्य सरकार की अनुमति लेनी आवश्यक

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने प्रदेश की जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट चुके कैदियों को सर्वोच्च न्यायलय के आदेश के बाद भी रिहा न करने के मामले में स्वतः संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका सहित कई कैदियों की याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायाधीश रविन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा है जिन कैदियों द्वारा रिहा करने के लिए याचिकाएं दायर की हैं उन्हें क्यों नहीं छोड़ा जा रहा है । इस बारे में कोर्ट को दो सप्ताह के अंदर अवगत कराएं। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद कि तिथि नियत की है। सोमवार को सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि पूर्व के आदेश पर कई कैदियों को जेल प्रशासन ने रिहा कर दिया है जबकि कई संगीन अपराध में लिप्त अपराधियों को नहीं छोड़ा गया और कुछ अपराधी ऐसे हैं जिनको छोड़ने के लिए राज्य सरकार की अनुमति लेनी आवश्यक है। वहीं कैदियों की तरफ से कहा गया कि उनकी सजा पहले ही पूरी हो चुकी है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश होने के बाद भी उन्हें जेल से रिहा नहीं किया जा रहा है। यह कोर्ट के आदेश की अवहेलना है। उनके द्वारा कई बार उन्हें रिहा करने को लेकर जेल प्रशासन को पत्र भी दिए गए लेकिन उस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। यह उनके संविधानिक अधिकारों का भी हनन है।

# राज्य कनिष्ठ अभियंता सेवा परीक्षा मामले में अपील खारिज

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड संयुक्त राज्य कनिष्ठ अभियंता सेवा परीक्षा-2023 से जुड़े एक मामले में दिव्यांग श्रेणी के दो अभ्यर्थियों की विशेष अपील खारिज कर दी है। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने कहा कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम अर्हकारी अंक पूरी तरह वैध हैं और चयन प्रक्रिया में कोई अवैध परिवर्तन नहीं किया गया।

मामले के अनुसार उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त राज्य कनिष्ठ अभियंता सेवा परीक्षा-2023 में अपीलकर्ताओं शिवानी सैनी एवं अन्य ने अदालत में दावा किया था कि परीक्षा संपन्न होने के बाद आयोग ने 11 मार्च 2024 को दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम कट-ऑफ अंक लागू कर चयन प्रक्रिया के नियम बदल दिए, जिससे उनके साथ अन्याय हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाए जाने के बाद अंतिम चयन सूची से बाहर करना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है।

सुनवाई के दौरान आयोग की ओर से बताया गया कि न्यूनतम अर्हकारी अंक पहली बार लागू नहीं किए गए थे, बल्कि यह व्यवस्था पहले से ही 2012 एवं 2022 की विनियमावली में मौजूद थी। आयोग ने स्पष्ट किया कि 11 मार्च 2024 के संशोधन द्वारा दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए कट-ऑफ को और कम किया गया था, जिससे उन्हें लाभ मिला। आयोग के अनुसार, सामान्य श्रेणी के दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 45 प्रतिशत तथा ओबीसी श्रेणी के दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 40 प्रतिशत अंक आवश्यक थे। अदालत ने रिकॉर्ड का परीक्षण करते हुए पाया कि अपीलकर्ता निर्धारित न्यूनतम अंकों से काफी नीचे थे। प्रथम अपीलकर्ता को कुल 12.17 प्रतिशत तथा दूसरे अपीलकर्ता को केवल 9.72 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे। न्यायालय ने कहा कि दस्तावेज सत्यापन हेतु नाम शामिल होना अंतिम चयन का अधिकार नहीं देता और यह केवल भर्ती प्रक्रिया का एक अंतरिम चरण होता है। खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि रूल्स ऑफ द गेम बदलने का सिद्धांत तभी लागू होगा जब उम्मीदवारों को वास्तविक नुकसान पहुँचा हो। यहां आयोग द्वारा किया गया संशोधन अभ्यर्थियों के हित में था, क्योंकि इससे कट-ऑफ कम किए गए थे। न्यायालय ने यह भी माना कि भर्ती विज्ञापन के परिशिष्ट-4 में पहले से ही न्यूनतम अर्हकारी अंकों का स्पष्ट उल्लेख था और यह विनियमावली-2022 के अनुरूप था। इन्हीं तथ्यों के आधार पर हाईकोर्ट ने एकलपीठ के आदेश को सही ठहराते हुए विशेष अपील को निरस्त कर दिया। अदालत ने कहा कि आयोग ने वैधानिक नियमों के अनुरूप कार्य किया है और अपीलकर्ताओं को अंतिम चयन सूची में शामिल न करना पूरी तरह उचित था। साथ ही लंबित सभी प्रार्थना पत्र भी निस्तारित कर दिए गए।

# अभिमत

## सच और न्याय

*न्यायपालिका में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संवैधानिक पदों पर नियुक्तियों में आरक्षण नहीं हो सकता। कई बार उपयुक्त व्यक्ति का मिलना मुश्किल होता है। जब जाति के आधार पर जज पद के लिए उपयुक्त व्यक्ति नहीं मिलता है, तो सवाल यह है कि अन्य पदों पर कम योग्य व्यक्ति को क्यों नियुक्त किया जाता है? महिला जजों की कम संख्या का कारण भी उपयुक्त व्यक्ति का नहीं मिलना है। राजनीतिक स्वार्थ के कारण अब लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण के मुद्दे को तूल दिया जा रहा है।*

आरक्षण की नीति हमेशा से विवादित रही है। राजनीतिक स्वार्थ के कारण अब लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण के मुद्दे को तूल दिया जा रहा है। सरकारी विभागों में आरक्षण खत्म नहीं किया जा रहा है। जाति आधारित आरक्षण से अनारक्षित जाति के योग्य युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सच स्वीकार करते हुए न्याय की बात कही है, लेकिन सिर्फ न्यायाधीशों की नियुक्ति तक सीमित है। न्यायपालिका में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संवैधानिक पदों पर नियुक्तियों में आरक्षण नहीं हो सकता। कई बार उपयुक्त व्यक्ति का मिलना मुश्किल होता है। जब जाति के आधार पर जज पद के लिए उपयुक्त व्यक्ति नहीं मिलता है, तो सवाल यह है कि अन्य पदों पर अनुपयुक्त व्यक्ति को क्यों नियुक्त किया जाता है? महिला जजों की कम संख्या का कारण भी उपयुक्त व्यक्ति का नहीं मिलना है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में कोलिजियम से नियुक्ति पर केन्द्र और शीर्ष अदालत के बीच मतभेद है, इसी लिए शीर्ष अदालत की कोलिजियम और केन्द्र द्वारा अनुशासित नामों को मंजूरी नहीं दिए जाने संबंधी सवाल पर टिप्पणी से मुख्य न्यायाधीश ने इन्कार कर दिया। निष्पक्ष सोच वालों के लिए कोलिजियम को लेकर सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच विवाद से सरोकार नहीं है। मुख्य मुद्दा यह है कि जाति के आधार पर आरक्षण न्यायसंगत नहीं है। जिस तरह संवैधानिक पदों पर आरक्षण उचित नहीं है और योग्य तथा उपयुक्त व्यक्ति की आवश्यकता है, उसी तरह सभी सरकारी विभागों में भी योग्य व्यक्ति होना चाहिए। सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों को जाति के आधार पर नियुक्ति मिलने से कार्यपालिका में विकृति उत्पन्न हो गई है। बिना पहुंच वाले व्यक्ति का सरकारी विभागों में कार्य कराना असंभव नहीं, तो कठिन अवश्य है। विश्वनाथ प्रताप सिंह जब प्रधानमंत्री बने थे, तो मंडल कमीशन की सिफारिशें लागू की थीं। उस समय पूरे देश में जाति के आधार पर आरक्षण के खिलाफ उग्र आंदोलन हुआ था। विशेषज्ञों ने जाति आधारित आरक्षण खत्म करके आर्थिक आधार पर आरक्षण का सुझाव दिया था। संविधान में दलित जाति के लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए दस वर्ष तक आरक्षण का प्रावधान किया गया था, लेकिन वोट बैंक की राजनीति के तहत आरक्षण 70 साल से जारी है। आरक्षित जाति में भी कुछ लोगों को पीढ़ी दर पीढ़ी आरक्षण का लाभ मिल रहा है और अन्य लोग पिछड़ते जा रहे हैं। आरक्षण से समाज में दुर्भावना बढ़ रही है।

# स्मार्ट मीटर लगाने पर लोगों ने काटा हंगामा

## ऊर्जा निगम की टीम का किया घेराव, काम रुकवाया

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

रुद्रपुर के संजय नगर खेड़ा में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची ऊर्जा निगम की टीम को लोगों के विरोध के चलते काम रोकना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बढ़े हुए बिजली बिलों का हवाला देते हुए मीटर लगाने का विरोध किया।

रुद्रपुर के संजय नगर खेड़ा क्षेत्र में सोमवार को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए पहुंची ऊर्जा निगम की टीम को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। इसके चलते स्थिति काफी देर तक तनावपूर्ण बनी रही। सूचना पर पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने टीम को खरीखोटी सुनाई। इस पर मीटर लगाने का कार्य बीच में ही रोकना पड़ा और बाद में जिसके बाद टीम लौट गई। ऊर्जा विभाग की टीम संजय नगर खेड़ा में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए पहुंची थी। जैसे ही टीम ने कुछ घरों में मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू की। स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और उन्होंने विरोध शुरू कर दिया। सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल अपने



समर्थकों और तमाम कांग्रेसियों के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने टीम का घेराव किया और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। पूर्व विधायक ने मौके पर मौजूद टीम को खरी-खोटी सुनाते हुए काम बंद करने की चेतावनी दी। पूर्व विधायक ठुकराल ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर आम आदमी का शोषण करने का एक जरिया हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि ये मीटर इतने ही बेहतर हैं तो पहले इन्हें भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के घरों पर क्यों नहीं लगाया जा रहा है? उन्होंने कहा कि गरीब बस्तियों को निशाना बनाकर जबरन ये मीटर बदले जा रहे हैं जबकि आम जनता की लगातार शिकायतें हैं कि नए स्मार्ट मीटरों में बिल पहले की तुलना में बहुत अधिक आ रहा है।

प्रदर्शनकारियों में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, पार्षद सौरभ बेहड़, विकास मल्लिक, रमेन विश्वास, रंजीत तिवारी, तरुण विश्वास, सुधांशु बड़ाई, कृष्णपद राय, आसित बाला, गोपाल गोलदार और धनंजय आदि मौजूद रहे।

### बाइक बनी आग का गोला, सतर्कता से बची युवक की जान

रुद्रपुर। किच्छा बाइपास स्थित महिंद्रा शोरूम के सामने सड़क पर चलती बाइक आग का गोला बन गई। युवक ने सतर्कता दिखाते हुए खुद की जान बचाई।

बिगवाड़ा निवासी सोनू प्रताप ने बताया कि वह रविवार देर रात किच्छा बाइपास पर महिंद्रा शोरूम के सामने पहुंचा तो बाइक से अचानक धुआं निकलने लगा। कुछ ही देर में बाइक में आग की लपटें उठीं। इस पर उसने बाइक रोकी और उससे दूर हट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल मदद के लिए दौड़ लगा दी। कुछ लोगों ने पानी और मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया जबकि अन्य लोगों ने सड़क पर यातायात नियंत्रित कर हालात संभाले। काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक बाइक बुरी तरह जल चुकी थी। आग लगने से कुछ देर तक सड़क पर यातायात प्रभावित रहा और मौके पर भीड़ लगी रही। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी माना जा रहा है।

## डिपो में डीजल भराने के लिए चालक ने की कनिष्ठ केंद्र प्रभारी से अभद्रता

काशीपुर
हमारे संवाददाता

काशीपुर डिपो के पंप पर रविवार रात डीजल भराने पर कनिष्ठ केंद्र प्रभारी और एक बस चालक के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि बस चालक कनिष्ठ केंद्र प्रभारी से मारपीट पर उतारू हो गया। सोमवार को कनिष्ठ केंद्र प्रभारी ने चालक के खिलाफ तहरीर देते हुए उसे रूट से हटा दिया।

काशीपुर डिपो के कनिष्ठ केंद्र प्रभारी अनवर कमाल ने बताया कि रविवार रात आठ बजे काशीपुर-हल्द्वानी के बीच चलने वाली अनुबंधित बस का चालक डीजल भरवाने आया था। चालक बस में 61 लीटर डीजल भरने की जिद कर रहा था जबकि बस में केवल 47 लीटर डीजल आया। इससे गुस्साए चालक ने गाली-गलौज शुरू कर दिया और मारपीट पर उतारू हो गया। कुछ देर बाद वह डीजल कक्ष से चला गया था हालांकि वह डिपो



के बाहर मारपीट के इरादे से घूमता रहा है। सोमवार को आरोपी बस चालक के खिलाफ टांडा उज्जैन पुलिस चौकी में तहरीर दी गई है। वहीं, अनुबंधित बस के मालिक को जानकारी देते हुए बस चालक को रूट से हटा दिया गया है। दूसरी ओर, टांडा उज्जैन पुलिस चौकी प्रभारी हेमचंद्र तिवारी ने बताया कि तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है। राजेंद्र कुमार आर्य, सहायक महाप्रबंधक काशीपुर डिपो ने कहा आरोपी अनुबंधित बस का चालक था उसे रूट से हटा दिया गया हैं। कनिष्ठ केंद्र प्रभारी की ओर से आरोपी के खिलाफ तहरीर दे दी गई है। पुलिस जांच जारी है।

### जन्मदिन मनाकर लौट रहे युवकों की स्कूटी ट्रक से टकराई, दो घायल

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा के लोअर माल रोड स्थित न्यू इंदिरा कॉलोनी क्षेत्र में बीते सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्कूटी कॉलेज गेट के समीप तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराई। हादसे में स्कूटी चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जबकि पीछे बैठा उसका साथी भी चोटिल हो गया।

जानकारी के अनुसार, बख गांव निवासी संदीप आर्या अपने साथी विजय कुमार के साथ बेस की ओर से जलालबैंड जा रहे थे। इसी दौरान कॉलेज गेट के पास मोड़ पर स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और वह सामने से आ रहे ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि संदीप आर्या को सिर, चेहरे और पैर में गंभीर चोटें आईं। चिकित्सकों के मुताबिक उनका एक पैर फ्रैक्चर भी हुआ है। वहीं विजय कुमार को पैर और छाती में हल्की चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आसपास मौजूद युवाओं ने तत्काल दोनों घायलों को बेस अस्पताल पहुंचाया।

# फिल्मी दुनिया

## सामंथा रुथ प्रभु की 'मां इंटी बंगारम' का ट्रेलर हुआ रिलीज



*सामंथा रुथ प्रभु की एक्शन फिल्म 'मां इंटी बंगारम' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। जिसमें सामंथा का धमाकेदार एक्शन अवतार देखने को मिला। ट्रेलर को लेकर फैंस अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सामंथा रूथ प्रभु की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म मां इंटी बंगारम का ट्रेलर आखिरकार तौर पर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में समंथा को पहले से बिल्कुल अलग और एक्शन स्टाइल में देखा जा सकता है। ट्रेलर को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर्स अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत में सामंथा एक अच्छी बहू बनने की कोशिश करती दिखाई देती हैं। परिवार की उम्मीदों को पूरा करने में उन्हें काफी मुश्किलें आती हैं। लेकिन अचानक कहानी में ट्विस्ट आता है और सामंथा अपने परिवार की रक्षा के लिए खतरनाक दुश्मनों से लड़ती नजर आती हैं। ट्रेलर में उनके एक्शन सीन्स बहुत दमदार हैं। सामंथा की फिल्म मां इंटी बंगारम पहले 15 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे टाल दिया गया है। फिल्म मां इंटी बंगारम 19 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सामंथा ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर जारी किया और लिखा, अब ट्रिगर दबाने का समय आ गया है। फिल्म के निर्देशक नंदिनी रेड्डी हैं। इसे राज, सामंथा रूथ प्रभु और हिमांक ने मिलकर बनाया है।*

### क्या है की कहानी ?

*फिल्म मां इंटी बंगारम एक ऐसी महिला की कहानी है, जो पारंपरिक परिवार में नई बहू बनकर आती है। वह शांत, आज्ञाकारी और सबकी नजर में रहने वाली लगती है। लेकिन परिवार को यह पता नहीं होता कि उसके अंदर क्या राज छिपा है। जब उसका पुराना अतीत वापस लौटता है, तो उसे अपने परिवार की रक्षा करनी पड़ती है, वो भी बिना अपनी असली पहचान बताए।*

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला

पिथौरागढ़
हमारे संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह के लिए गद्दार शब्द का प्रयोग करने के लिए पिथौरागढ़ में कांग्रेस नेता राजीव गांधी के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश पनप गया है।

बीते दिवस को भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रदीप रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। उन्होंने कांग्रेस को देश विरोधी करार दिया। रावत ने कहा कि एक ओर पूरे विश्व में प्रधानमंत्री विश्व गुरु बनकर उभर रहे हैं वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी एवं राहुल गांधी देश को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीमांत की जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में धारचूला विधानसभा से कांग्रेस का सूप ?ा साफ करेगी। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए कुंदन पांगती ने प्रधानमंत्री के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर राहुल गांधी की कड़ी निंदा की। इस दौरान बबलू लोहनी, लक्की रावत, त्रिलोक बिष्ट, गोकर्ण सुयाल, बिक्रम खुन्नू, बहादुर राम समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## News कॉर्नर

### 20.79 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान

नैनीताल। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के तहत विभिन्न सड़कों एवं शासकीय आवासों के निर्माण तथा सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित योजनाओं के लिए 20.79 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई हैं। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं से संबंधित निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ तेजी लाए जाने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सड़क, आवास एवं जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# 28 साल से कानूनी लड़ाई लड़ रहा है एक मृतक आश्रित

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता



उत्तराखंड हाई कोर्ट ने मृत आश्रित कोटे से सीजनल अमीन के पुत्र को सरकारी विभाग में नौकरी दिलाये जाने के खिलाफ दायर सरकार की विशेष अपील पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने सरकार की विशेष अपील को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि एकलपीठ का आदेश सही था। इसमें हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि यह कानून का दुरुपयोग है। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा था कि मृतक का पुत्र को उसकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार इस विभाग में नौकरी दी जाय। इस आदेश के खिलाफ सरकार ने डेढ़ साल बाद विशेष अपील दायर की। मामले के अनुसार वर्ष 1998 में सीजनल कलेक्शन अमीन भगवान सिंह बिष्ट एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा एक रिट याचिका उच्च न्यायालय इलाहाबाद दायर की गयी थी। उच्च न्यायलय ने उसे स्वीकार करते हुए उनके विनियमितीकरण के आदेश दिए थे। इस आदेश को राज्य सरकार की ओर से विशेष अपील के माध्यम से चुनौती दी गई थी, लेकिन वर्ष 2009 में सरकार की विशेष अपील भी खारिज हो गई। इसके बाद सीजनल कलेक्शन अमीनों की विनियमितीकरण की प्रक्रिया आगे प्रारम्भ हो गयी। हालांकि विनियमितीकरण आदेश जारी होने से पूर्व भगवान सिंह बिष्ट का निधन हो गया। इसके बाद उनके पुत्र घनश्याम सिंह ने उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करते हुए मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति की मांग की। याचिका में उन्होंने स्वयं को स्नातकोत्तर शिक्षित बताते हुए अपनी शैक्षिक योग्यता के अनुरूप नियुक्ति दिए जाने की प्रार्थना की। यह भी कहा कि उनके पिता सीजनल कलेक्शन अमीन जिला कार्यलय नैनीताल म कार्यरत थे। मामले की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय की एकलपीठ ने घनश्याम सिंह की याचिका स्वीकार कर राज्य सरकार को उनकी शैक्षिक योग्यता के अनुरूप नियुक्ति देने के निर्देश दिए थे। एकलपीठ के इस आदेश को राज्य सरकार की ओर से विलंब के साथ विशेष अपील दाखिल कर चुनौती दी गई। मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान न्यायालय ने सरकार से कहा कि यह अपील उचित प्रतीत नहीं होती और एकलपीठ का आदेश सही है। इस पर राज्य सरकार की ओर से समय मांगा गया था। बताया गया कि जिलाधिकारी नैनीताल ने इस विशेष अपील को वापस लेने के निर्देश भी जारी किए थे। हालांकि सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि मामले में एकलपीठ के समक्ष पुनर्विचार याचिका दायर की जाएगी। अंतत: न्यायालय ने राज्य सरकार की दलीलों को स्वीकार नहीं किया और विशेष अपील को निरस्त कर दिया।

# एक शाम सैनिकों के नाम' कार्यक्रम में सैनिक सम्मानित

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को लोक भवन, नैनीताल में सैनिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित एक शाम सैनिकों के नाम' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने वीरता पदक विजेताओं, सराहनीय कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों तथा अर्धसैनिक बलों के जवानों को सम्मानित करते हुए प्रशंसा पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि एक शाम सैनिकों के नाम केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सैनिकों के साहस, शौर्य, बलिदान और राष्ट्रसेवा को समर्पित सामूहिक श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड केवल देवभूमि ही नहीं, बल्कि वीरभूमि भी है, जहां के सैनिकों ने सदैव देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह अभियान भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य, दृढ़ संकल्प और पेशेवर क्षमता का सशक्त उदाहरण है। राज्यपाल ने कहा कि इस सैन्य अभियान में भारतीय सेनाओं ने असाधारण साहस, समन्वय और रणनीतिक दक्षता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा, संप्रभुता और राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा में हमारे सैनिकों की भूमिका सदैव प्रेरणादायी रही है तथा उत्तराखण्ड के वीर जवानों का योगदान भी इसमें महत्वपूर्ण रहा है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड का देश की सैन्य परंपरा में विशेष योगदान रहा है और यहां के युवाओं ने सेना, अर्धसैनिक बलों एवं रक्षा सेवाओं में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि राज्य के सैनिकों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं सैनिक परिवारों का योगदान केवल सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज में अनुशासन, नेतृत्व, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के प्रेरणास्रोत भी हैं। उन्होंने सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों को भूतपूर्व नहीं बल्कि अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि सैनिक जीवन व्यक्ति को केवल युद्धभूमि का योद्धा नहीं बनाता, बल्कि उसे आजीवन अनुशासन, आत्मसंयम और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से ओत-प्रोत करता है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के अनुभव, नेतृत्व क्षमता और जीवन मूल्यों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है, जिससे राष्ट्र निर्माण को नई दिशा मिल सके। राज्यपाल ने सैनिक परिवारों, विशेषकर वीर माताओं और वीर नारियों को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान में उनका योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सैनिक परिवारों से आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे ब ?ने तथा स्वयं सहायता समूहों जैसी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।



इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर, सचिव राज्यपाल, रविनाथ रामन, सचिव उत्तराखण्ड सैनिक कल्याण युगल किशोर पंत, क्वार्टर मास्टर जनरल मुख्यालय उत्तर भारत बरेली उत्तर प्रदेश ब्रिगेडियर विनोद कुमार रौतेला, डिप्टी जीओसी उत्तराखण्ड सब एरिया देहरादून ब्रिगेडियर आर.एस. थापा, कमांडेंट गढ़वाल राइफल रेजिमेंटल सेंटर लैंसडाउन उत्तराखण्ड ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, कमांडेंट कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर रानीखेत ब्रिगेडियर विजयंत महादिक, निदेशक उत्तराखण्ड सैनिक कल्याण श्याम सिंह सहित बड़ी संख्या में वीर सैनिक, पूर्व सैनिक, उनके परिवारजन, सैन्य अधिकारीगण, एवं विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित थे।

# रिश्वत लेते दबोचा गया बेतालघाट चौकी का सिपाही, विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता



नैनीताल जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ सतर्कता अधिष्ठान ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बेतालघाट चौकी में तैनात एक पुलिसकर्मी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी सिपाही खनन कारोबारियों पर दबाव बनाकर अवैध वसूली कर रहा था और रकम नहीं देने पर वाहनों का चालान व सीज करने की धमकी देता था। जानकारी के अनुसार सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर हल्द्वानी को टोल फ्री नंबर 1064 पर शिकायत मिली थी कि खनन कार्य से जुड़े लोगों से एक पुलिसकर्मी मोटी रकम की मांग कर रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके सभी खनन दस्तावेज वैध होने के बावजूद आरोपी पुलिसकर्मी लगातार वाहनों को रोकने और कार्रवाई की धमकी देकर रिश्वत मांग रहा था।

शिकायत के बाद विजिलेंस टीम ने पूरे मामले की गोपनीय जांच शुरू की। जांच में आरोप सही पाए जाने पर एसपी विजिलेंस दीपशिखा के निर्देशन में विशेष ट्रैप टीम गठित की गई। रविवार को टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर कार्रवाई की और आरोपी आरक्षी दीपक सामंत को 45 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए मौके से गिरफ्तार कर लिया।

बताया गया कि आरोपी दीपक सामंत पुत्र खुशाल सिंह निवासी चकरपुर, खटीमा जनपद ऊधमसिंहनगर का रहने वाला है और वर्तमान में चौकी बेतालघाट, थाना भवाली में तैनात था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विजिलेंस विभाग मामले की आगे की जांच में जुटा हुआ है। सतर्कता अधिष्ठान की इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं अधिकारियों ने साफ कहा है कि भ्रष्टाचार और अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# शोधार्थी डॉ. तुषाद्री सिंह को पीएचडी शोध पुरस्कार प्रदान

**पंतनगर**
हमारे संवाददाता

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के आनुवंशिकी तथा पादप प्रजनन विभाग की शोधार्थी डॉ. तुषाद्री सिंह को उनके विशिष्ट शोध कार्य के लिए भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संघ द्वारा फसल विज्ञान वर्ग में उत्कृष्ट पीएचडी शोध पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें उनकी शोध पत्रिका तापीय तनाव सहनशीलता को उन्नत करने हेतु अंतर्प्रवेश तथा जीन अंत:क्रिया अध्ययन पर आधारित गेहूं अनुसंधान' के लिए दिया गया।

उनका यह पूरा अध्ययन विभागाध्यक्ष तथा प्रमुख गेहूं एवं जौ प्रजनक डॉ. जे.पी. जायसवाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस शोध का मुख्य उद्देश्य परम्परागत पादप प्रजनन, जीन अंतरसम्बंध परीक्षण तथा अत्याधुनिक जीन संपादन विधि के माध्यम से गेहूं में ऊँचे तापमान को सहन करने वाली क्षमता विकसित करना था। अध्ययन के दौरान उच्च तापमान की स्थिति में विभिन्न गेहूं किस्मों में आकृति, शारीरिक गुण, उपज से जुड़े लक्षण और उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय आनुवंशिक अंतर पाए गए। इन्हीं आधारों पर ऐसी उन्नत पंक्तियाँ विकसित की गईं, जिनमें अधिक गर्मी की परिस्थितियों में भी बेहतर अनुकूलन और स्थिर उत्पादन क्षमता दर्ज की गई। शोध की प्रमुख उपलब्धियों में तापीय तनाव सहनशीलता से जुड़े जीनों के लिए जीन संपादन हेतु अत्यंत सटीक मार्गदर्शक आरएनए तैयार करने की पद्धति का सफल विकास रहा। गेहूं के अत्यन्त जटिल षट्गुणित जीन-समूह से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने के लिए व्यापक संगणकीय परीक्षण, लक्ष्य-विशिष्टता जांच, द्वितीयक संरचना मूल्यांकन तथा अवांछित प्रभावों के अनुमान का उपयोग किया गया, जिससे अत्यधिक सटीक जीन संपादन सम्भव हो सका।

यह अध्ययन आगे चलकर बदलती जलवायु परिस्थितियों में खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने, गेहूं उत्पादन को अधिक टिकाऊ बनाने तथा खेती को जलवायु-सहिष्णु दिशा में आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण योगदान देगा। डॉ. जे.पी. जायसवाल ने बताया कि जीन संपादन आधुनिक आणविक प्रजनन का उन्नत रूप है, जिसके लिए उच्च श्रेणी की प्रयोगशाला सुविधाओं की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि यह पूरा शोध भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत करनाल स्थित भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान के सहयोग से सम्पन्न हुआ, जहाँ वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मुरमुथा एच.एम. ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

### 679वें दिन भी जारी रहा पौधारोपण अभियान

नैनीताल। उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान आज 679वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 679वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में अपने स्वर्गीय पिता तारादत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया । दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# बकरीद को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक, खरीदारी तेज

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

**उत्साह**
- बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में त्योहार को लेकर उत्साह, सफाई का ध्यान रखें

बकरीद का त्योहार नजदीक आते ही मुस्लिम समुदाय में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। शहर और आसपास के इलाकों में कुर्बानी के लिए बकरों और भैंसों की खरीदारी तेज हो गई है।

लाइन नंबर 17 पचौर गोलापार रोड पर इन दिनों पशु बाजार पूरी तरह गुलजार है, जहां सुबह से देर शाम तक खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। दूर-दराज क्षेत्रों से पशु व्यापारी अपने जानवर लेकर बाजार पहुंच रहे हैं। बाजार में छोटे-बड़े बकरों के साथ भैंसों की भी अच्छी खासी आमद हो रही है। खरीदार अपनी पसंद और बजट के अनुसार जानवरों की खरीदारी कर रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में त्योहार को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है। व्यापारियों का कहना है कि इस बार बाजार में अच्छी रौनक है और पिछले दिनों की तुलना में खरीदारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं प्रशासन भी त्योहार को लेकर सतर्क नजर आ रहा है। बकरीद को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं और कई राज्यों में प्रशासन ने सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट मजिस्ट्रेट ए पी बाजपई ने बताया कि कुर्बानी अपने स्थान पर करें सार्वजनिक स्थान पर न करें साथ ही उन्होंने कहा कि सफाई का ध्यान रखें।

# स्वामी विवेकानंद की विचारधारा युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देती है:गणेश जोशी

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता



कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने एमबी पीजी कॉलेज, हल्द्वानी में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानंद प्रेरणा पार्क का भी उद्घाटन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का देवभूमि उत्तराखंड से अत्यंत गहरा और अटूट संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद शांति, ज्ञान और आत्मसाक्षात्कार की खोज में कई बार अल्मोड़ा, चंपावत स्थित मायावती आश्रम एवं कुमाऊं के विभिन्न क्षेत्रों में आए थे। उन्होंने कहा कि हिमालय की वादियों की दिव्य ऊर्जा व्यक्ति के भीतर सोए हुए गौरव को जागृत करती है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संन्यासी नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद के सबसे बड़े प्रणेता थे। उन्होंने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि अध्यात्म और आधुनिकता का समन्वय ही मानवता के कल्याण का मार्ग है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें शिक्षा और सकारात्मक सोच के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश, जैविक बोर्ड सदस्य चंद्र प्रकाश, जगनमोहन सिंह, राकेश सिंह, हितेश उप्रेती सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।